आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.09.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचहत्तरवें जन्मदिन पर भाजपा का देशव्यापी सेवा पखवाड़ा अभियान। अभियान की शुरूआत एक हज़ार ज़िलों में रक्तदान शिविरों के साथ होगी।
- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एन्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स के प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में ड्रग कार्टेल के खिलाफ कठोर कार्रवाई का आह्वान किया।
- भारतीय जनता पार्टी ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पांच मोर्चा अध्यक्षों की घोषणा की।
- आपातकालीन संचार प्रणालियों के सुधार पर मुख्य सचिव के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक हुई।

<><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अपने जीवन के पचहत्तर वर्ष पूरे करने जा रहे है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कल मध्य प्रदेश के धार में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ करेंगे। देश में महिलाओं और बच्चों के लिए यह अब तक का सबसे बड़ा स्वास्थ्य अभियान होगा। प्रधानमंत्री मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सुमन सखी चैटबॉट का शुभारंभ करेंगे और टेक्सटाइल पार्क का भी उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर बी जे पी ने सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' अभियान की घोषणा की है। अभियान की शुरुआत एक हजार जिलों में रक्तदान शिविरों से होगी। इसके बाद, रक्तदान, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, पर्यावरण संरक्षण, और 'मोदी विकास मैराथन' जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। भा.ज.पा. युवा मोर्चा पचहत्तर शहरों में 'नमो युवा दौड़' आयोजित करेगा। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अमित शाह पन्द्रह परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जबकि पुणे में ड्रोन और लेजर शो का आयोजन होगा। ओडिशा में पचहत्तर लाख पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा, पच्चीस सितंबर को 'आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत' अभियान शुरू किया जाएगा।

<><><><><><><><><>

आज नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक पदार्थ रोधी कार्यबल प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। दो दिन चलने वाले इस सम्मेलन का उद्देश्य देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को मजबूत करना है। श्री शाह ने बताया कि मादक पदार्थ विरोधी अभियान अब तीन सौ बहत्तर जिलों में चल रहा है और इसमें दस करोड़

लोग और तीन लाख शैक्षिक संस्थान जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर काम करना होगा और विदेशों से तस्करी करने वाले अपराधियों को भारतीय कानून के तहत लाना जरूरी है।

इसके साथ ही, गृह मंत्री ने मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो की वार्षिक रिपोर्ट दो हजार चौबीस भी जारी की और ऑनलाइन मादक पदार्थ निस्तारण अभियान की शुरुआत की। सम्मेलन के दौरान आठ तकनीकी सत्रों का आयोजन होगा।

<><><><><><><>

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। इस महीने की तीन तारीख को उनका यह सपना साकार हुआ, जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की। आज, हम कृषि क्षेत्र विशेषकर ट्रैक्टरों के लिए सुधारों पर एक नज़र डालते हैं।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को अटठाईस अगस्त दो हजार चौबीस को फेज—वन के तहत नब्बे कार्यों के लिए उनचास दशमलव अटठानबे करोड़ रुपये की स्वीकृति देने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति द्वीपवासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। सांसद ने बताया कि प्रशासन ने इसी वर्ष ग्यारह सितंबर को फेज—टू के तहत चालीस कार्यों के लिए एक सौ तेरह दशमलव उनतीस करोड़ रुपये की प्रस्तावित राशि केंद्रीय मंत्रालय को भेजी है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि इन प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति दी जाए जिससे द्वीपवासियों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भाजपा ने अपने पांच मोर्चा अध्यक्षों की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज आयोजित राज्य समिति बैठक में यह निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं के अनुमोदन के बाद ये नियुक्तियां की गईं। चैताली रॉय को महिला मोर्चा अध्यक्ष, पी.योगेश को युवा मोर्चा अध्यक्ष, बेबी मैथ्यू को अल्प मोर्चा अध्यक्ष, राजेश लाल को ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष और वरदराजन को किसान मोर्चा अध्यक्ष की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में आपातकालीन संचार प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए आज आपदा प्रबंधन निदेशालय के सम्मेलन हॉल में एक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने की। सम्मेलन में पुलिस, वन, एन डी आर एफ, शिपिंग निदेशालय, विद्युत, स्वास्थ्य और जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। सचिव नीरज भारती ने संचार प्रणालियों को साझा करने का आग्रह किया, जबकि निदेशक प्रियंका कुमारी ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य सचिव ने द्वीपों में सुरक्षित संचार नेटवर्क स्थापित करने और एस.ओ.पी तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। तकनीकी सत्र में विभागों ने अपनी संचार प्रणालियों की जानकारी दी और संसाधन साझा करने पर चर्चा की। एन.डी.एम.ए के संचार सलाहकार ने वर्चुअल रूप से भाग लिया और दूरसंचार नेटवर्क के उपयोग की सलाह दी। सम्मेलन के अंत में आयुक्त सह सचिव चंचल यादव ने संचार संसाधनों को साझा करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद की एक टीम ने अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी के नेतृत्व में ग्यारह से तेरह सितंबर तक लिटिल अंडमान का आधिकारिक दौरा किया। इस दौरान, वी.के.पुर में सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया गया, जिसका निर्माण सत्तानबे दशमलव पचास लाख रूपए की लागत से किया गया है और यह लगभग ढाई सौ लोगों की क्षमता वाला है। दौरे के दौरान, टीम ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और पंचायत समिति में विभिन्न विभागों के साथ बैठक की। तेरह सितंबर को हटबे स्थित चिदंबरम पार्क का भी दौरा किया गया, जहां पर्यावरण–अनुकूल झोपड़ियाँ बनाने का अनुरोध किया गया। यह दौरा जिला परिषद की समावेशी विकास और सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><><>